भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1121

जिसका उत्तर दिनांक 20.12.2018 को दिया जाना है

कुडनकुलम की इकाई-III और IV का निर्माण

1121. डा. आर. लक्ष्मणन :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार रूस के सहयोग से कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केएनपीपी) में इकाई-III और IV का निर्माण करने का विचार रखती है या निर्माण कर रही है ;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास भविष्य में उस देश से ऐसी और इकाइयों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह):

(क) तथा (ख) रूसी परिसंघ के तकनीकी सहयोग से, वर्तमान में, कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना की यूनिट 3 तथा 4 (केकेएनपीपी 3 तथा 4 - 2X1000 मेगावाट) का निर्माण, कुडनकुलम, तमिल नाडु स्थल पर प्रचालनरत यूनिट 1 तथा 2 (केकेएनपीपी 1 तथा 2 - 2X1000 मेगावाट) के बगल में किया जा रहा है। इन यूनिटों द्वारा वर्ष 2023 में उत्पादन आरंभ किए जाने की आशा है।

(ग) जी, हाँ।

(घ) सरकार ने, कुडनकुलम, तमिल नाडु में यूनिट 5 तथा 6 (2X1000 मेगावाट) की स्थापना करने के लिए प्रशासनिक अनुमोदन तथा वित्तीय मंजूरी प्रदान की है। सरकार ने हरिपुर, पश्चिम बंगाल स्थल पर रूसी परिसंघ के सहयोग से 6X1000 मेगावाट नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों की स्थापना करने के लिए भी 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदन प्रदान किया है।

*****